एकात्म भारत संस्थान
के लिए सुरेंद्र मिश्रा द्वारा

# एकात्म भारत

@EkatmaBharat
दैनिक एकात्म भारत

भाद्रपद, कृष्ण पक्ष द्वितीया
सोमवार विक्रम संवत् 2076

जो एकात्म है वही भारत है

16 सितंबर 2019, इंदौर
e-paper : www.ekatmabharat.com

## जल्द ही दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान मिट जाएगा

नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक इंद्रेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि जिस तरह पाकिस्तान में अलगाववादी आंदोलन चल रहे हैं, उससे जल्द ही दुनिया के नक्शे से उसका वजूद खत्म हो जाएगा। दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में कुमार ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में भारत लाहौर में महात्मा गांधी की जयंती मनाएगा। इंद्रेश कुमार ने कहा, '1947 से पहले दुनिया के नक्शे में पाकिस्तान नहीं था, और मुझे विश्वास है कि वह एक बार फिर मैप पर नहीं होगा। ऐसा भी हो सकता है कि हम लाहौर में बापू जयंती और हिंदी दिवस मना रहे होंगे।'

संघ विचारक ने कहा कि 1947 में विभाजन के बाद पाकिस्तान का जन्म हुआ था जो 1971 में फिर विभाजित हुआ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कई टुकड़ों में बिखरने के कगार पर खड़ा है। उन्होंने कहा, 'आज वह (पाकिस्तान) 5-6 टुकड़ों में टूटने के कगार पर है। पश्तूनिस्तान, बलूचिस्तान, सिंध अलग होना चाहते हैं। विशेषज्ञ पाकिस्तान के इस अंजाम की भविष्यवाणी करते हैं। वह दिन-ब-दिन कमजोर हो रहा है।'

## संघ के शताब्दी वर्ष तक सभी गांवों में पंहुचाना है संघ कार्य

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अद्वैत चरण दत्त ने कहा ।

एकात्म भारत. रांची



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक आज सभी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। चाहे वह राजनीति हो या शिक्षा, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या सेवा का। कहा ही जाता है कि संघ कुछ करेगा नहीं और स्वयंसेवक कुछ छोड़ेगा नहीं। इसी कार्य के बल पर भारत आगे बढ़ते हुए फिर से विश्व गुरु बनेगा। आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने के लिए स्वयंसेवकों में उत्साह है और उस समय तक देश के सभी गांवों तक संघ कार्य को पहुंचा देना है।


उक्त बातें आरएसएस के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अद्वैत चरण दत्त ने कही। वे रविवार को रांची महानगर के एकत्रीकरण में उपस्थित एक हजार से अधिक स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1925 ई. में संघ की स्थापना के बाद 1940 ई. तक देश के सभी प्रांतों में संघ कार्य पहुंच गया था। एक समय था जब संघ का लोगों ने विरोध किया था। तीन बार झूठा आरोप लगाकर प्रतिबंध लगाया गया। इसके सहारे संघ को समाप्त करने की रणनीति बनाई गई परंतु स्वयंसेवकों के कार्यों के कारण आज परिस्थितियां बदली हुई है। आज लोग संघ से जुड़ना चाहते हैं। प्रति माह हजारों लोग ज्वाइनआरएसएस वेबसाइट के माध्यम से जुड़ रहे हैं। संघ की बातों को लोग सुनने के लिए तैयार हैं। दत्त ने कहा कि समाज में जो कुरीतियां है उसे दूर करने के लिए संघ काम कर रहा है। देश हमारी मां है और हम सभी भाई हैं, इस भाव को लेकर हम सभी समाज के बीच काम कर रहे हैं।

इस मौके पर रांची विभाग सह संघचालक विवेक भसीन, महानगर संघचालक पवन मंत्री, प्रांत प्रचारक रविशंकर, विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री केशव राजू, महानगर कार्यवाह धनंजय सिंह, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख हरिनारायण, विधायक जीतू चरण राम सहित प्रांत, विभाग एवं महानगर के कई अधिकारी उपस्थित थे। मेरा गांव, मेरा तीर्थ के भाव को लेकर काम करना है सह प्रचारक प्रमुख ने कहा, मेरा गांव, मेरा तीर्थ इस भाव को लेकर हमें काम करना है। स्वावलंबी समाज खड़ा करना है। देश में 2000 गांवों का चयन कर वहां जैविक खेती पर जोर देना है। वह गांव ऐसा हो जिसे लोग देखने के लिए पहुंचे। वह व्यसन मुक्त हो, सभी लोगों का मंदिरों में प्रवेश हो, सामाजिक समरसता का भाव बना रहे और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिले।

इस पर संघ के स्वयंसेवक काम कर रहे हैं। इस काम में और तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने योग की चर्चा करते हुए कहा कि आज पूर्वोत्तर भारत के कई चर्चों में भी लोग स्वस्थ रहने के लिए योग कर रहे हैं।

## पूरा कश्मीर भारत का, PoK से कब्जा छोड़े पाकिस्तान: ब्रिटिश सांसद

लंदन



कश्मीर मामले पर ब्रिटेन के सबसे मुखर सांसदों में से एक बॉब ब्लैकमैन ने पाकिस्तान से पाक अधिकृत कश्मीर को छोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र पर भारत का संप्रभु अधिकार है। ब्रिटेन में रह रहे कश्मीरी पंडितों के एक समूह को संबोधित करते हुए कंजरवेटिव पार्टी के एमपी बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव पेश करने की योजना पर सवाल खड़े किए हैं।

लंदन में आयोजित कार्यक्रम में बॉब ब्लैकमैन ने कहा, 'पूरा जम्मू-कश्मीर संप्रभु भारत का हिस्सा है। ऐसे लोग, जो वहां संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने की बात करते हैं, वे उस प्रस्ताव को भूल जाते हैं, जिसके मुताबिक राज्य के एकीकरण के लिए पाकिस्तानी सेना को कश्मीर छोड़ देना चाहिए।' जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद से ही उत्तरी लंदन से एमपी बॉब ब्लैकमैन इस फैसले का समर्थन कर भारत के पक्ष में बोलते रहे हैं।उन्होंने भारत के खिलाफ आक्रामक दावे करने वाले विपक्षी लेबर पार्टी के सदस्यों को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को एक पत्र भी लिखा था। इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीरी पंडित कल्चरल सोसायटी और ऑल इंडिया कश्मीरी समाज (AIKS) ने किया था।

## हिंदू प्राचार्य पर ईशनिंदा का मामला दर्ज होने के बाद सिंध में दंगे भड़के

लाहौर

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध एक बार पुनः दमन कारक ईशनिंदा कानून के उपयोग का मामला सामने आया है। एक स्कूली छात्र की शिकायत पर प्राचार्य के विरुद्ध मामला दर्ज करने से आक्रोष भड़क गया है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के एक स्कूल में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के प्रिंसिपल के खिलाफ ईशनिंदा का मामला दर्ज होने के बाद रविवार को प्रांत के कई इलाकों में दंगे भड़क गए। एक छात्र के पिता अब्दुल अजीज राजपूत की शिकायत पर सिंध पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। राजपूत का दावा है कि शिक्षक ने इस्लाम के पैगंबर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी कर ईशनिंदा की है। स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद घोटकी जिले में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रिंसिपल नोतन मल की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद ऐडिशनल इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस जमील अहमद ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को सुरक्षा के लिए हिरासत में ले लिया है।

उन्होंने एक ट्वीट किया कि आरोपी प्रिंसिपल अब पुलिस की हिरासत में है।पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने प्रदर्शनकारियों द्वारा स्कूल में तोड़फोड़ किए जाने से संबंधित एक विडियो साझा करते हुए स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। मानवाधिकार संगठन ने एक ट्वीट में कहा, 'घोटकी में ईशनिंदा के आरोपों की खबरें चिंताजनक हैं।' घोटकी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फारुख लंजार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पुलिस क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर काबू कर रही है।पाकिस्तान हिंदू परिषद के प्रमुख और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता रमेश कुमार वांकवानी ने कहा कि प्रिंसिपल को सुरक्षा कारणों से किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है और उन्हें मामले की विस्तृत जांच के लिए हैदराबाद के उप महानिरीक्षक नईम शेख के हवाले किया जाएगा। मीरपुर माथेलो और आदिलपुर सहित आसपास के शहरों में भी विरोध प्रदर्शन हुए जहां प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और स्कूल के प्रिंसिपल को गिरफ्तार किए जाने की मांग की।